Serial Number

# O-326

Roll No. ..............................

Higher Secondary Examination (Regular) - 2021

# बुक कीपिंग एण्ड एकाउन्टेन्सी

# BOOK KEEPING & ACCOUNTANCY

(Hindi & English Versions)

| Total Questions : 26 | Total Printed Pages : 16 | Time : 3 Hours | Maximum Marks : 100 |
|---|---|---|---|

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं । प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं ।

(ii) प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द ।

(iii) प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 75 शब्द ।

(iv) प्रश्न क्रमांक 15 से 21 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 120 शब्द ।

(v) प्रश्न क्रमांक 22 से 26 तक निबंधात्मक एवं संख्यात्मक प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं । शब्द सीमा 150 शब्द ।

(vi) प्रश्न क्रमांक 6 से 26 तक सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गये हैं ।

(vii) संख्यात्मक प्रश्नों में शब्द सीमा का कोई बंधन नहीं है ।



https://www.mpboardonline.com

**Instructions :**

(i) All questions are **compulsory** to solve. Question Nos. 1 to 5 are objective type questions. Each question carries 5 marks.

(ii) Question Nos. 6 to 10 are very short answer type questions. Each question carries 2 marks. Word limit 30 words.

(iii) Question Nos. 11 to 14 are short answer type questions. Each question carries 3 marks. Word limit 75 words.

(iv) Question Nos. 15 to 21 are long answer type questions. Each question carries 4 marks. Word limit 120 words.

(v) Question Nos. 22 to 26 are essay and numerical type questions. Each question carries 5 marks. Word limit 150 words.

(vi) Question Nos. 6 to 26 have internal choices.

(vii) There is no limit of words in numerical questions.

1×5=5

1 सही विकल्प चुनिए :

(i) फर्म के पुनर्गठन में जिस साझेदार का लाभ का भाग पूर्व की तुलना में बढ़ जाता है, उसे कहते हैं

(अ) नफेवाला साझेदार (ब) त्याग करने वाला साझेदार

(स) मुख्य साझेदार (द) प्रभावपूर्ण साझेदार

(ii) विघटन की दशा में फर्म की सम्पत्तियाँ वसूली खाते में अन्तरित की जाती हैं –

(अ) बाजार मूल्य पर (ब) वास्तविक मूल्य पर

(स) नाम मात्र के मूल्य पर (द) पुस्तक मूल्य पर

(iii) एक सार्वजनिक कम्पनी के सदस्यों की कम से कम संख्या होनी आवश्यक है –

(अ) 25 (ब) 7

(स) 50 (द) 100

(iv) चिट्ठे को कहा जाता है

(अ) सम्पत्ति विवरण (ब) दायित्व विवरण

(स) स्थिति विवरण (द) आय विवरण

(v) दीर्घकालीन उधारी का भुगतान करना है

(अ) संचालन क्रिया (ब) वित्तीय क्रिया

(स) विनियोग क्रिया (द) संचालन तथा वित्तीय क्रिया दोनों



https://www.mpboardonline.com

Choose the correct options :

(i) If a partner gets more than his previous share in the reconstituted firm, then he is called -

(A) Gaining partner (B) Sacrificing partner

(C) Main partner (D) Influencing partner

(ii) Transfer of firm's assets on dissolution to Realisation a/c is made at -

(A) Market value (B) Actual value

(C) Nominal value (D) Book value

(iii) The minimum number of members of a public company must be -

(A) 25 (B) 7

(C) 50 (D) 100

(iv) Balance Sheet is called -

(A) statement of assets (B) statement of liabilities

(C) position statement (D) income statement

(v) Payment of long term debts is -

(A) Operating activity

(B) Financing activity

(C) Investing activity

(D) Both Operating and financing activities

2 एक शब्द / वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×5=5

(i) साझेदारों के चालू खाते कब बनाए जाते हैं ?

(ii) किस प्रकार की ख्याति का मूल्य सर्वाधिक होता है ?

(iii) ऐच्छिक साझेदारी की दशा में फर्म का विघटन कैसे हो सकता है ?

(iv) कम्पनी की सम्पत्ति पर किसका अधिकार होता है ?

(v) किस बिंदु पर कुल लागत कुल विक्रय के बराबर होती है ?



https://www.mpboardonline.com

Answer in one word / sentence :

(i) When are partner's current account prepared ?

(ii) Which type of goodwill has the highest value ?

(iii) How can a firm be dissolved in case of voluntarily partnership ?

(iv) Who has a right on the assets of a company ?

(v) What do you call the point where the total costs are just equal to total sales ?

3 सही जोड़ी बनाइए : 1×5=5

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (i) विशिष्ट दान | (अ) पुराने अनुपात में से नये अनुपात को घटाकर |
| (ii) त्याग का अनुपात ज्ञात किया जा सकता है । | (ब) अनिवार्य है । |
| (iii) वसूली खाता खोला जाता है । | (स) प्राप्त नहीं होता है । |
| (iv) ऋणपत्रधारी को मताधिकार | (द) फर्म के समापन पर |
| (v) साझेदारी में लाभों का बांटना | (इ) पूंजीगत प्राप्ति |

Match the columns :

| 'A' | 'B' |
|---|---|
| (i) Specific donation | (a) By deducting new ratio from old ratio |
| (ii) Sacrificing ratio can be known | (b) Compulsory |
| (iii) Realisation account is opened | (c) Does not received |
| (iv) Debenture holder's voting right | (d) Dissolution of a firm |
| (v) Sharing profits in partnership is | (e) Capital receipt |



https://www.mpboardonline.com

1×5=5

4 सत्य / असत्य लिखिए :

(i) प्राप्ति-भुगतान खाते के आधार पर चिट्ठा तैयार किया जाता है ।

(ii) प्रत्येक साझेदार में अनुबंध करने की क्षमता होनी चाहिए ।

(iii) त्याग का अनुपात = नया अनुपात – पुराना अनुपात ।

(iv) फर्म के विघटन के परिमाणस्वरूप फर्म का अस्तित्व समाप्त हो जाता है ।

(v) ऋणपत्र-धारी कम्पनी का सदस्य माना जाता है ।

Write True / False :

(i) Balance Sheet is prepared on the basis of Receipt and Payment Account.

(ii) Each partner must be competent to contract.

(iii) Sacrificing ratio = New ratio – Old ratio.

(iv) As a result of dissolution of a firm, the firm ceases to exist forever.

(v) A debenture-holder is treated as a member of a company.

1×5=5

5 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) गैर-व्यापारिक संस्थाओं का मुख्य उद्देश्य ________ करना है ।

(ii) मृतक साझेदार को देय रकम उसके ________ के खाते में हस्तांतरित कर दी जाती है ।

(iii) ऋणपत्रों का प्रतिफल ________ होता है ।

(iv) आदर्श चल अनुपात ________ माना जाता है ।

(v) आयकर का भुगतान ________ क्रिया में शामिल होता है ।

Fill in the blanks :

(i) The main aim of non-trading organisations is providing ________.

(ii) On the death of a partner the amount due to be paid to the deceased partner is transferred to his ________ Account.

(iii) The consideration for debenture is ________.

(iv) The ideal current ratio is ________.

(v) Payment of income tax relates to ________ activity.



https://www.mpboardonline.com

6 लाभकारी तथा गैरलाभकारी संगठन में कोई दो अंतर लिखिए । 2

Write any two differences between Trading and Non-trading organisations.

अथवा / OR

गैर-लाभकारी संगठन अपनी आय कैसे प्राप्त करते हैं ?

How do the non-profit organisations acquire their incomes ?

7 साझेदारी फर्म के पुनर्गठन से आप क्या समझते हैं ? 2

What is meant by reconstitution of partnership firm ?

अथवा / OR

नफे के अनुपात का अर्थ समझाइए ।

Explain the meaning of gaining ratio.

8 गैर-चालू सम्पत्तियों में किन-किन सम्पत्तियों को शामिल किया जाता है ? 2

Which assets are included in non-current assets ?

अथवा / OR

गैर-चालू दायित्वों में कौन-कौन सी मदें शामिल होती हैं ?

Which items are included in non-current liabilities ?

9 सम-आकार वित्तीय विवरण क्या है ? 2

What do you mean by common size financial statement ?

अथवा / OR

तुलनात्मक वित्तीय विवरण क्या है ?

What do you mean by comparative financial statement ?



https://www.mpboardonline.com

10 सकल लाभ अनुपात क्या है ? 2

What is Gross Profit Ratio ?

अथवा / OR

चल अनुपात क्या है ?

What is current ratio ?

11 साझेदारी संलेख की तीन मुख्य बातें लिखिए । 3

Write any three contents of partnership deed.

अथवा / OR

अमन और अंकित एक फर्म में क्रमशः 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटने वाले साझेदार हैं । अमन ने फर्म को 18,000 रु. का ऋण 1 जुलाई 2016 को दिया । साझेदारी संलेख ऋण पर ब्याज के सम्बंध में मौन है । फर्म की पुस्तकें 31 दिसम्बर 2016 को बंद होती हैं । अमन को फर्म द्वारा देय ब्याज की गणना कीजिए ।

Aman and Ankit are partners in a firm sharing profit-loss in the ratio of 3 : 2 respectively. Aman gave advanced to the firm a sum of Rs. 18,000 as loan on 1st july 2016. The partnership deed is silent on the question of interest on loan payable to partners.

Compute the interest payable by the firm to Aman, assuming that the firm closes its books on 31st Dec. 2016.

12 साझेदारी फर्म के विघटन तथा साझेदारी के विघटन में तीन अन्तर लिखिए । 3

Write any three differences between dissolution of partnership firm and dissolution of partnership.

अथवा / OR

एक फर्म के विघटन पर यश नामक एक साझेदार फर्म की ओर से वसूली के व्यय 10,000 रु. चुकाने के लिए सहमत हो जाता है । इसकी क्या जर्नल प्रविष्टि की जायेगी ?

What journal entry will be made when Yesh, a partner agrees to pay the realisation expenses of Rs. 10,000 on behalf of the firm ?



https://www.mpboardonline.com

**13** अनिवार्य विघटन की दशाएँ लिखिए । **3**

Write the conditions of compulsory dissolution.

**अथवा / OR**

A तथा B एक फर्म में बराबर के अनुपात में साझेदार हैं । उनका चिट्ठा 31 मार्च 2018 को निम्न प्रकार था :

चिट्ठा (31-3-2018 को)

| दायित्व | | रकम (रु.) | सम्पत्तियाँ | रकम (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 90,000 | देनदार | 40,000 |
| A का ऋण | | 40,000 | विविध सम्पत्तियाँ | 1,40,000 |
| पूँजी खाते : | | | | |
| A | 20,000 | | | |
| B | 30,000 | 50,000 | | |
| | | **1,80,000** | | **1,80,000** |

उक्त तिथि पर उन्होंने फर्म के विघटन का निर्णय किया । देनदारों से 30,000 रु. तथा विविध सम्पत्तियों से 1,20,000 रु. वसूल हुए । वसूली खाता बनाइए ।



https://www.mpboardonline.com

A and B are equal partner in a firm. Their balance sheet on 31st March, 2018 stood as under -

Balance Sheet (as on 31-3-2018)

| Liabilities | | Amount (Rs.) | Assets | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 90,000 | Debtors | 40,000 |
| A's loan | | 40,000 | Sundry Assets | 1,40,000 |
| Capital A/c : | | | | |
| A | 20,000 | | | |
| B | 30,000 | 50,000 | | |
| | | 1,80,000 | | 1,80,000 |

They decided to dissolve the firm on that date. Debtors realised Rs. 30,000 and sundry assets realised Rs. 1,20,000. Prepare Realisation A/c.

14 साझेदारी और कम्पनी के मध्य तीन अन्तर लिखिए । 3

Write any three differences between partnership and company.

**अथवा / OR**

प्रियांश लिमिटेड ने 100 रु. वाले 50,000 समता अंश जनता में निर्गमित किए । सम्पूर्ण राशि एकमुश्त आवेदन पर ही प्राप्त हो गई । कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए ।

Priyansh Ltd. issued 50,000 equity shares of Rs. 100 each payable on application itself. The entire amount was received in a lump-sum for these shares. Pass necessary journal entries in the books of the company.



https://www.mpboardonline.com

15 साझेदारी संलेख के अभाव में लागू होने वाले चार नियम लिखिए । 4

Write any four rules applicable in the absence of partnership deed.

अथवा / OR

X तथा Y क्रमशः 3:2 के अनुपात में साझेदार हैं । उनकी पूँजी क्रमशः 50,000 रु. तथा 30,000 रु. है । पूँजी पर 5% वार्षिक दर से ब्याज देय है । Y को 5,000 रु. वार्षिक वेतन देय है । वर्ष 2017 में Y को वेतन देने के पूर्व एवं पूँजी पर ब्याज देने के पूर्व 12,500 रु. का लाभ था । लाभ हानि नियोजन खाता बनाइए ।

X and Y are partners in the ratio of 3:2. Their capitals are Rs. 50,000 and Rs. 30,000 respectively. Interest on capital is payable at 5% per annum. Y is allowed an annual salary of Rs. 5,000. The profit for the year 2017 before calculating Y's salary and interest on capital amounted to Rs. 12,500. Prepare Profit and Loss Appropriation Account.

16 औसत लाभ और अधिलाभ में चार अन्तर लिखिए । 4

Write any four differences between average profit and super-profit.

अथवा / OR

एक फर्म ने विगत चार वर्षों में क्रमशः 10,000 रु., 6,000 रु., 12,000 रु. तथा 18,000 रु. का लाभ कमाया । फर्म में 50,000 रु. की पूँजी का विनियोग किया गया है । विनियोग की प्रत्याय दर इसी प्रकार के व्यवसाय में 15% प्रतिवर्ष है । ख्याति की गणना तीन वर्षों के क्रय के आधार पर अधिलाभ विधि द्वारा कीजिए ।

A firm earned profits of Rs. 10,000, Rs. 6,000, Rs. 12,000 and Rs. 18,000 respectively in four preceding years. The capital invested in the firm is Rs. 50,000. The rate of return of investment in such business is 15 percent per annum. Calculate the value of goodwill at three years purchase by super-profit method.



https://www.mpboardonline.com

17 लेखांकन प्रमाप 26 के अनुसार ख्याति के लेखांकन की विधि का वर्णन कीजिए । 4

Discuss the procedure of accounting of goodwill according to Accounting Standard 26.

अथवा / OR

प्रिया, प्रीति एवं पूजा एक फर्म में समान लाभ-हानि बाँटने वाले साझेदार हैं । उन्होंने भविष्य में अपना परस्पर लाभ विभाजन अनुपात क्रमशः 2:2:1 रखने का निर्णय किया । बताइए कि पुनर्गठन में किस साझेदार को कितना त्याग करना पड़ेगा और किस साझेदार को कितना नफा होगा ?

Priya, Preeti and Pooja are partners in a firm sharing profits and losses equally. Now they decided to keep their mutual ratio as 2:2:1 respectively. Find out the gain or sacrifice of each partner.

18 समता अंशों के कोई चार लाभ लिखिए । 4

Write any four advantages of equity shares.

अथवा / OR

B लिमिटेड ने 10 रु. वाले 10,000 समता अंश सम मूल्य पर निर्गमित किए । राशि इस प्रकार मांगी गई : आवेदन पर 3 रु. प्रति अंश, आवंटन पर 3 रु. प्रति अंश तथा प्रथम एवं अन्तिम याचना पर 4 रु. प्रति अंश । सभी राशियाँ यथासमय प्राप्त हो गई । कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां कीजिए ।

B limited issued 10,000 equity shares of Rs. 10 each at par. Amount Payable per share Rs. 3 on Application. Rs. 3 on Allotment and Rs. 4 on first and final call. All the money were duly received. Pass necessary journal entries in the books of company.


https://www.mpboardonline.com

19 अंशधारी और ऋणपत्रधारी में कोई चार अन्तर लिखिए । 4

Write any four differences between shareholders and debentureholders.

अथवा / OR

खुशी लिमिटेडने 100 रु. वाले 10,000, 12% ऋणपत्र 110 रु. प्रति ऋणपत्र की दर से निर्गमित किए । सम्पूर्ण राशि आवेदन के साथ प्राप्त हो गई । आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दर्शाइए ।

Khushi limited issued 10,000, 12% Debentures of Rs. 100 each at Rs. 110 per debenture. The entire amount was received with applications. Draw up neecssary journal entries in the books of the company.

20 कम्पनी द्वारा निर्गमित किये जाने वाले ऋणपत्रों के प्रकारों को समझाइए । (कोई चार) 4

Discuss the different kinds of debentures which a company can issue. (any four)

अथवा / OR

सोनू लिमिटेड ने अतुल ट्रेडर्स से 5,50,000 रु. में एक मशीनरी खरीदी । क्रय मूल्य के भुगतान स्वरूप कम्पनी ने अतुल ट्रेडर्स को 100 रु. वाले 15% ऋणपत्र 10% प्रीमियम पर निर्गमित किए । कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए ।

Sonu limited purchased a machinery worth Rs. 5,50,000 from Atul Traders and issued them 15% debentures of Rs. 100 each at 10% premium in consideration of the purchase price. Pass necessary journal entries in the books of the company.



https://www.mpboardonline.com

21 कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुसार, कम्पनी के चिट्ठे के भाग "समता एवं दायित्व" शीर्षक में किन-किन मदों को लिखा जाता है ? 4

Which items are written in the head of "equity and liabilities" part of balance sheet of a company according to the Companies Act 2013 ?

अथवा / OR

निम्नांकित सूचना से लाभ-हानि का तुलनात्मक विवरण तैयार कीजिए :

| विवरण | 31-12-2017 | 31-12-2018 |
|---|---|---|
| संचालन से आय | 10,00,000 | 15,00,000 |
| अन्य आय | 2,00,000 | 1,80,000 |
| व्यय | 6,00,000 | 10,50,000 |
| कर की दर | 50% | 50% |

Prepare comparative statement of profit and loss from the following statement :

| Particulars | 31-12-2017 | 31-12-2018 |
|---|---|---|
| Revenue from operation | 10,00,000 | 15,00,000 |
| Other income | 2,00,000 | 1,80,000 |
| Expenses | 6,00,000 | 10,50,000 |
| Tax rate | 50% | 50% |



https://www.mpboardonline.com

22 गैर-व्यापारिक संगठनों द्वारा रोकड़ पद्धति अपनाये जाने के कोई पाँच कारण लिखिए । 5

Write any five causes of adopting cash system by non trading organisations.

अथवा / OR

निम्नांकित सूचनाओं के आधार पर माधव क्लब का 31 दिसम्बर 2017 को समाप्त वर्ष का प्राप्ति–भुगतान खाता बनाइए –

1 जनवरी 2017 को शेष 5,000 रु., सदस्यता शुल्क 4,200 रु., वेतन 3,300 रु., किराया 2,700 रु., फर्नीचर क्रय 1,000 रु., विविध व्यय 850 रु.

From the following informations, prepare Receipts and Payments A/c of Madhav Club for the year ending 31$^{st}$ Dec. 2017 :

Cash balance on 1-1-2017 Rs. 5,000, Membership fees Rs. 4,200, Salary Rs. 3,300, Rent Rs. 2,700, Furniture purchased Rs. 1,000, Sundry exp. Rs. 850. https://www.mpboardonline.com

23 निवृत्तमान / मृतक साझेदार को देय राशि की गणना किस प्रकार की जाती है ? 5

How is the amount payable to retired / deceased partner calculated ?

अथवा / OR

A, B, C तथा D क्रमश: 3:2:1:4 के अनुपात में साझेदार हैं । A फर्म से अवकाश ग्रहण करता है । B तथा C दोनों A का भाग 3:2 के अनुपात में प्राप्त करते हैं । नया लाभ विभाजन अनुपात तथा नफे का अनुपात निकालिए ।

A, B, C and D are partners in the ratio of 3:2:1:4 respectively. A retires from the firm. A's share is acquired by B and C in the ratio of 3:2. Find out new profit sharing ratio and gaining ratio.



https://www.mpboardonline.com

24 अंशों की जब्ती (हरण) की विधि लिखिए । 5

Write the procedure of forfeiture of shares.

अथवा / OR

X लिमिटेड कम्पनी ने सुरेश के 10 रु. वाले 200 अंश जो पूर्ण याचित थे, जब्त कर लिए क्योंकि उसने आबंटन राशि 3 रु. प्रति अंश और अन्तिम याचना राशि 4 रु. प्रति अंश की दर से नहीं चुकाई । उसने केवल आवेदन राशि 3 रु. प्रति अंश की दर से चुका दी थी । उसके सारे अंश रिंकी को 8 रु. प्रति अंश की दर से पूर्णदत्त पुनर्निर्गमित कर दिए गए । अंशों की जब्ती तथा पुनःनिर्गमन सम्बंधी जर्नल प्रविष्टियाँ दर्शाइए ।

X Ltd. company forfeited 200 shares of Rs. 10 each, fully called-up held by Suresh who paid application money only @ Rs. 3 per share but failed to pay allotment money @ Rs. 3 and final call money @ Rs. 4 per share. All his shares were re-issued to Rinki @ Rs. 8 per share as fully paid up. Give journal entries for forfeiture and re-issue of forfeited shares.

25 चल सम्पत्तियों तथा चल दायित्वों में क्या-क्या शामिल होते हैं ? 5

What are included in current assets and current liabilities ?

अथवा / OR

एक कम्पनी का चल अनुपात 4.5 : 1 है तथा त्वरित अनुपात 3 : 1 है । यदि स्टॉक का मूल्य 72,000 रु. है, तो कुल चल दायित्व ज्ञात कीजिए ।

The current ratio of a company is 4.5 : 1 and its liquidity ratio is 3:1. If the value of stock is Rs. 72,000, then find out the amount of total current liabilities.



https://www.mpboardonline.com

26 रोकड़ बहाव विवरण तैयार करने के लिए क्रियाओं का वर्गीकरण सविस्तार समझाइए । 5

Discuss in detail the classification of activities for preparing cash flow statement.

अथवा / OR

रोकड़ बहाव विवरण तैयार करने के लिए निम्नांकित मदों को (1) संचालन क्रियाओं, (2) विनियोग क्रियाओं तथा (3) वित्तीय क्रियाओं में वर्गीकृत कीजिए :

(i) मशीनरी का क्रय

(ii) लाभांश का भुगतान

(iii) ऋणपत्रों का निर्गमन

(iv) आयकर का भुगतान

(v) लाभांश की प्राप्ति

Classify the following items into (1) Operating activities, (2) Investing activities and (3) Financial activities while preparing a cash flow statement :

(i) Purchase of machinery

(ii) Payment of dividend

(iii) Issue of debentures

(iv) Payment of income tax

(v) Dividend received.

https://www.mpboardonline.com